

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 23 जनवरी 2024



### हजारों दीए से जगमगाया बुधवारी बाजार

**बालोद।** नगर के बुधवारी बाजार में लोगों ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर में हुई प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को दीपावली की तरह मनाया। इस अवसर पर सड़क पर 10 हजार से अधिक दीप जलाए।

## खबर संक्षेप

### रेंगाडबरी में 24 को मड़ई

**डौण्डीलोहारा।** ब्लॉक के वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में 24 जनवरी दिन बुधवार को मड़ाई-मेला का आयोजन किया जाएगा। ग्राम के नेमन साहू ने बताया कि रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए महतारी के आंसू लोक सांस्कृतिक छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी ग्राम संसारगढ़ (हरेखापायली) जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी का कार्यक्रम रखा गया है।

### महिला ने किया अग्निस्नान

**डौंडीलोहारा।** ग्राम सिरपुर की एक 36 वर्षीय महिला शैलकला ने सोमवार को दोपहर दो बजे लगभग मिट्टी तेल डालकर अग्नि स्नान कर लिया। इससे वह लगभग अस्सी प्रतिशत झुलस गई थी। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार घटना लगभग दो बजे की है। तुरंत उसे संजीवनी 108 से नगर के शासकीय अस्पताल लाया गया था, जहां से उसे मेडिकल कालेज राजनांदगांव रिफर किया गया। इस मामले में पीड़िता का बयान दर्ज नहीं हो पाया था। पुलिस आवश्यक कार्यवाही में जुटी है।

### आज आभार रैली में शामिल होंगे विधायक निषाद

**बालोद/निकुम।** गुण्डरेदही विधायक कुंवर निषाद 23 जनवरी मंगलवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में आभार रैली कर ग्रामीणों से मिलेंगे। कांग्रेस जोन प्रभारी मोंहदीपाठ वागीश बंजारे ने बताया कि श्री निषाद सबुह 11 बजे ग्राम खुर्सीपार, दोपहर 12 बजे गोड़ेला, 1 बजे देवसरा, 2 बजे देवरी द क्रमशः छोटे पारा देवरी द, खुरसुनी, मोंहदीपाठ व मटेवा में शाम 7 बजे आभार रैली में शामिल होंगे।

### रंग-बिरंगे फूलों से लिखा राम



बालोद। श्रीराम लला के स्वागत अभिनन्दन करने के लिए गांव से लेकर शहर दुल्हन की तरह भगवा रंग में सजा है। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव को हर कोई अपने ढंग से खास बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हर कोई अपने घर में रंगोली सजाकर, दीप जलाकर इस ऐतिहासिक पल का स्वागत सम्मान किया। वहीं पर्यावरण प्रेमी भोज साहू ने अपने घर के छत पर रंग-बिरंगे फुलों के गमलों से राम लिखकर इस पल का स्वागत करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए आम जनमानस को पर्यावरण संरक्षण की ओर हाथ बढ़ाने का संदेश दिया है।

### उत्सव : अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में छलका श्रद्धा-भक्ति का उत्साह

# जिलेवासियों ने मनाई दूसरी दीपावली, दीपों की लौ से जगमग हुईं गलियां, जमकर की गई आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सोमवार को जिला राममय हो गया। गांव से लेकर शहर के गली मोहल्लों व मंदिर देवालयों में विभिन्न तरह के आयोजन रामभक्तों द्वारा किए गए। भगवान राम स्वरूप वेशभूषा में नन्हे बच्चों को तैयार कर उनकी पूजा अर्चना की गई। कई जगहों में रामायण, हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, भगवतगीता सहित भक्ति भजन का आयोजन किया गया, जिसमें रामभक्त राममय में सराबोर नजर आए वहीं भगवा रंग में रंगे नजर आए।

■ जगह-जगह भंडारों में किया गया प्रसाद वितरण

शहर के संजय नगर में नगर पालिका प्रशासन द्वारा आयोजित सुंदरकांड में प्रस्तुति देने पहुंचे, बालिकाओं की मंडली का सम्मान किया गया। वहीं, शहर के पांच कारसेवकों का सम्मान किया गया। शहर के मंदिरों में सुबह साफ सफाई के साथ ही लोग पूजा अर्चना करने पहुंचे।

आपको बता दें कि सोमवार को आयोध्या मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर देश भर में जहां लोग उत्साहित हैं, तो वहीं बालोद जिले में भी जिलेवासी राम भक्ति में सराबोर हो चुके हैं। सोमवार को सारा दिन जगह जगह भक्तों के लिए महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया, जिसका लाभ लेने सैकड़ों लोग पहुंचे। चेंबर ऑफ कॉमर्स जिला अध्यक्ष राजू पटेल ने कहा कि हम शौभाग्यशाली हैं जो भगवान रामलला की मूर्ति का स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा होते देख रहे हैं। इससे पहले 500 साल से अधिक समय तक लोग भगवान राम की मूर्ति का स्थापना होने का इंतजार करते रहे, उनके संघर्ष का प्रतिफल आज हमें भगवान राम को विराजमान होते देखने को मिल रहा है। हम सभी सौभाग्यशाली हैं। नगर के जानेमाने साहित्यकार रमन टुवानी ने कहा कि पूरा विश्व राममय हो गया। उन्होंने कहा कि सब कुछ श्री राम की मर्जी से शांति पूर्वक हो गया, सारे विश्व के देशों ने इस अभियान को अपना नैतिक समर्थन भी दिया।

### अंचल में दिनभर हुए भजन-कीर्तन कई स्थानों पर निकाली गई शोभायात्रा





### शाम होते ही दीपों से जगमग हुआ शहर

सोमवार को विविध कार्यक्रमों के बाद लोग शाम होते ही अपने घरों में पूजा-अर्चना के साथ ही घर के बाहर दिया जलाकर दीपावली मनाई। इस दौरान शहर में आतिशबाजी का नजारा भी देखने को मिला। लोगों ने अयोध्या के मंदिर में भगवान रामलला की मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जनमकर खुशियां मनाई।



### कलंगपुर में मना रामोत्सव



**बालोद/कलंगपुर।** सोमवार को आयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कलंगपुर में राम उत्सव को दीपोत्सव के रूप में मनाया गया। जहां प्रत्येक घर से महिलाएं अपने सिर पर कलश धारण कर निकली और भव्य कलश यात्रा के साथ राम लक्ष्मण माता जानकी की शोभायात्र बहुत ही धूमधाम एवं बाजे गाजे के साथ निकाली गई। ग्राम पंचायत व ग्राम विकास समिति एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में आयोजित भव्य कलश यात्रा सर्वप्रथम मां शीतला मंदिर में पूजा अर्चना कर गली भ्रमण करते हुए बस स्टैंड पहुंची, जहां भगवान श्री रामचंद्र एवं माता जानकी की पूजा अर्चना कर महाप्रसादी का वितरण किया गया। साथ ही शाम होते ही प्रत्येक घरों में मिट्टी के दीपक जलाकर राम उत्सव को दीपोत्सव के रूप में मनाया गया। इसी तरह ग्राम अरमरीकला, बरबसपुर, खुटेरी, खलारी, मुन्देरा, पेन्डरी, अचौद, फुण्डा, बोरगहन, मोखा, रजोली, जोरातराई, बोढल सहित आसपास के गांवों में भी महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली और मंदिरों में पूजा अर्चना कर अयोध्या में हो रहे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर सहभागिता प्रदान किया।







### शिव मंदिर से निकाली गई शोभायात्रा

**बालोद।** पुराना बस स्टैंड में स्थित भगवान शिव मंदिर से महिलाओं ने शहर में शोभायात्रा निकाली। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। लोग भगवा ध्वज लहराते हुए भगवान श्री राम लक्ष्मण और माता सीता के स्वरूप नन्हें बच्चों को रथ में सजाकर भक्ति गीतों में झूमते नजर आए। शोभायात्रा शहर के सदर रोड से होते हुए मधुचौक, जय स्तंभ चौक, घड़ी चौक होते हुए पुनः पुराना बस स्टैंड में शिव मंदिर पहुंची, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ। यहां भगवान राम, लक्ष्मण और माता सीता की पूजा अर्चना की गई।

**श्रीराम बनने वाले कलाकारों का हुआ सम्मान : अण्डा।** अयोध्या में बने राम मंदीर में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर ग्राम चीचा में अब तक जितने भी कलाकारों ने श्रीराम का पात्र निभाया है, उन कलाकारों को मानस ग्रंथ और श्रीफल प्रदान कर सम्मान किया गया। अब तक के कलाकारों में विजय कुमार साहू, रामकुमार सिन्हा, छत्तर सिंह गौतम, मूलचंद, रोशन सिन्हा, ढालू सिन्हा, जयंत सिन्हा, उपेंद्र साहू, विनय साहू, हेमेंद्र साहू, तारेकेश्वर साहू, दुर्गेश विश्वकर्मा, दीपक सिन्हा, नारायण सिन्हा का सम्मान किया गया।

## आश्रम-छात्रावासों में बच्चों ने सजाई रंगोली, जलाए दीए





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार भगवान श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह को 22 जनवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक टेलीविजन एल.ई.डी स्क्रीन के माध्यम से जिले छात्रावास एवं आश्रमों में निवासरत छात्र-छात्राओं को लाईव प्रसारण दिखाया गया। सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग मेनका चन्द्राकर ने बताया कि जिले के सभी छात्रावास एवं आश्रम परिसरों में रंगोली बनाने के साथ-साथ हनुमान चालीसा, सुंदर कांड का पाठ भी कराया गया। इसके अलावा छात्रावास एवं आश्रमों में पोस्टर, चित्रकला, भगवान राम आधारित कहानी वाचन, निबंध, क्विज, भाषण एवं भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में शंख ध्वनि, घंटानाद, आरती कर प्रसाद वितरण किया गया एवं संध्या के समय दीप प्रज्जवलित किया गया। इस अवसर पर राज्य शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता अभियान के तहत छात्रावास अधीक्षक एवं कर्मचारियों के साथ छात्रावास के विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से छात्रावास एवं आश्रमों की साफ-सफाई की।

## कार व बाइक में भिड़ंत, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



खलारी नाला के पास सोमवार को कार चालक ने बाइक सवार को जबरदस्त टक्कर मारी दी। दुर्घटना में बाइक सवार दो महिला व एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद कार भी पलट गई, हालांकि कार चालक को कोई चोट नहीं आई है। इधर बाइक सवार तीनों को इलाज के दुर्ग रिफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार जोरातराई पंचायत सचिव बिरेंद्र साहू अपनी कार से संकल्प यात्रा शिविर में शामिल होने जोरातराई जा रहे थे। वहीं, बाइक सवार दो महिला ग्राम आतर डौंडीलोहारा निवासी अमेरिका बाई ठाकुर 55 वर्ष, ग्राम आतर डौंडीलोहारा जोत कुंवर ठाकुर 60 वर्ष दोनों देवरानी जेठानी हैं, जो खुटेरी (भट) छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। दोनों महिलाओं को खुटेरी निवासी थानसिंग ठाकुर 55 वर्ष सोमवार दोपहर 12 बजे बाइक से गुण्डरदेही छोड़ने जा रहा था। इस बीच खलारी नाला के पास विपरीत दिशा से आ रही कार सीजी 24 एल 0136 के साथ उनकी भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में दोनों महिलाओं का पैर टूट गया। वहीं, बाइक चालक थानसिंग ठाकुर के गला, कंधे व हाथ में गंभीर चोट आई है। अमेरिका बाई अभी तक बेहोश बताई जा रही है। इधर टक्कर की आवाज सुनकर राहगीर मौके पर रूके और घटना की सूचना 108 एंबुलेंस व गुण्डरदेही पुलिस को दी। एंबुलेंस से तीनों घायलों को गुण्डरदेही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### ग्राम देवरी (ख) में धूमधाम से मनाई गई जयंती, निकाली गई विशाल शोभायात्रा

# भक्त गुहा निषाद राज जयंती पर समाज ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

भक्त शिरोमणी श्री गुहा निषाद राज जयंती समारोह ग्राम देवरी (ख) में प्रभु श्री रामचंद्र जी की कृपा एवं प्रेरणा से निषाद समाज के तत्वावधान में धूमधाम से मनाया गया। भव्य कलशयात्रा के साथ गांव के गली में भ्रमण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक एवं छत्तीसगढ़ निषाद समाज के अध्यक्ष कुंवरसिंह निषाद थे, अध्यक्षता डॉ. घनश्याम निषाद अध्यक्ष, निषाद समाज जिला दुर्ग ने की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक गुण्डरदेही क्षेत्र कुंवरसिंह निषाद ने कहा कि प्रदेश में 1981 से निषाद समाज एक समान हो कर समाज में काम कर रहे हैं। आज कल निषाद समाज की लड़कियां पढ़ाई के क्षेत्र में बहुत आगे बढ़ रही हैं, जिससे वे समाज का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश के निषाद समाज के हर गांव और हर घर में केंवट राज भगवान की मूर्तियां और फोटो रहेंगी। इस कार्यक्रम में छोटे छोटे स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी। सभी कार्यक्रम के बच्चों को विधायक कुंवर सिंह निषाद द्वारा 2100 रूपए सभी के लिए नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया। विशेष अतिथि बद्री प्रसाद पारकर पूर्व अध्यक्ष, परदेशी राम वर्मा, निषाद समाज जिला दुर्ग, खिलेन्द्र साहू सरपंच ग्राम पंचायत देवरी शेरसिंह देशमुख पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत ,भेलसिंह साहू पूर्व सरपंच , पद्मनी निषाद पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत देवरी, अंशु गायकवाड उपसरपंच ग्राम पंचायत देवरी ,हनुमानसिंह गायकवाड अध्यक्ष सतनाम समाज देवरी के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। संरक्षक अध्यक्ष मुनीलाल निषाद , धनुष निषाद सचिव संयोजक दिलीप निषाद, भुपेन्द्र निषाद उपस्थित थे।





**समाज की प्रतिभाओं का किया गया सम्मान :** कार्यक्रम के दौरान समाज की प्रतिभाओं और विशेष कार्य करने वाले लोगों को सम्म्मनित किया गया। वहीं, रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाच ग्राम चिखली बांधा बाजार चौकी, जिला-मानपुर मोहला द्वारा प्रस्तुति दी गई।

### चाकू पोस्ट किया, युवक को कराई उठक-बैठक

**भिलाई।** सोशल मीडिया में चाकू पोस्ट करने वाले युवक को पुलिस ने उठक बैठक करा कर माफी मंगाया गया। घटना दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र का है। टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि हरनाबांधा दुर्ग निवासी इमरान खान नामक युवक ने अपने इंस्टाग्राम पर चाकी लहराते हुए एक पोस्ट डाला। युवक इसमें चाकू के साथ दबंगई दिखा रहा था। पोस्ट के वायरल होने के बाद ही कोतवाली दुर्ग ने उसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस जांच में जुट गई। साइबर सेल की मदद से युवकल का शिनाख्त कर शनिवार को पुलिस ने इमरान को पकड़ा कर थाने लेकर आई। जहां इमरान की जमकर क्लास ली और समझाइश के बाद युवक से उठक-बैठक कराई गई। उक्त पोस्ट को डिलीट भी कराया गया।


हरिभूमि पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## सार समाचार

### उत्तम पुनः संघ के अध्यक्ष निर्वाचित



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ के उत्तम कुमार फंदयाल पुनः जिला शाखा राजनांदगांव के अध्यक्ष पर निर्वाचित हुए। 21 जनवरी को जिला पशु चिकित्सालय राजनांदगांव में जिला शाखा अध्यक्ष के पद पर निर्वाचन प्रक्रिया चुनाव अधिकारी बीके ठाकुर एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी एआर खान द्वारा पूर्ण कराया गया। कुल 59 मत डाले गए। जिसमें उत्तम कुमार फंदयाल को 35 एवं महेश कुमार साहू को 23 वोट मिले। जिले के सभी सम्मानीय सदस्यों ने उत्तम कुमार फंदयाल को बधाई देते कहा कि संघ के प्रति समर्पण, जुझारुपन, नवाचार के प्रणेता, अपने लोकप्रिय व्यक्तित्व एवं सहयोगी स्वभाव के कारण प्रचंड बहुमत से विजयी हुए।

### तुमड़ीबोड में आज कवि सम्मेलन

**राजनांदगांव।** तुमड़ीबोड में भगवान श्रीराम के प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर कल 23 जनवरी को रात्रि 7 बजे अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष मोहित पटेल ने बताया कि इस आयोजन में देश की जानी-मानी शीर्षस्थ कवि भाग लेंगे। जिसमें राष्ट्रवादी कवि ओमपाल निडर उत्तरप्रदेश, अकबर ताज खंडवा मध्यप्रदेश, माधुरी किरण बालाघाट, मीर अली मीर रायपुर, वीरेन्द्र तिवारी, गुनिराम वर्मा बादल प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आकेश जैन व अध्यक्षता सुरेश जैन करेंगे। आयोजन समिति ने कवि प्रेमियों से इस कार्यक्रम में उपस्थित की अपील किया है। उक्त जानकारी तारस तेलासी ने दी।

### भाजपा ने चलाया सफाई अभियान



**राजनांदगांव।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर देशभर में उत्साह का माहौल है। उसी तरह संस्कारधानी राजनांदगांव में भी गजब का उत्साह देखा जा रहा है। जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल के निर्देशानुसार जिला स्वच्छता संयोजक शिव वर्मा, मंडल संयोजक हकीम खान एवं सहयोगी रघुवीर सिंह वाधवा के नेतृत्व में रविवार को शहर के मानव मंदिर चौक स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर, गुरुद्वारा, जामा मस्जिद और रेलवे स्टेशन रोड स्थित चर्च परिसर की साफ-सफाई की गई। इस दौरान शिव वर्मा ने 22 जनवरी को इतिहास का स्वर्णिम दिन बताते कहा कि भाजपा द्वारा 14 जनवरी से लगातार शहर के सभी मंदिरों की साफ-सफाई का अभियान चलाया जा रहा। जिसमें हर वर्ग के लोगों की सहभागिता है। अभियान में जिला स्वच्छता संयोजक शिव वर्मा, मंडल संयोजक हकीम खान, रघुवीर सिंह वाधवा, संतोष निर्मलकर, रमेश सोनवानी, प्रिंस भाटिया, पार्षद सतीश मसीह, राजेश यादव, अरुण दामले, हेमंत शेखर यादव, मसीह समाज के अध्यक्ष डॉ. सुमन लाल, सुनील लाल, आशीष प्रजापति एवं हरीश टांक सहित स्थानीय लोगों की सहभागिता रही। उक्त जानकारी संतोष निर्मलकर ने दी।

### जीवन संघर्षों का दूसरा नामः सोनाली



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय की रासेयो ईकाई ने ढारा में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती के निर्देशन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी हेमूराम पद्मे, नीलम चतुर्वेदानी, एवलाल मेश्राम एवं वासुदेव साहू के उपस्थिति में किया है। शिविर पांचवे दिन बौद्धिक परिचर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक प्राध्यापक सोनाली लोया शामिल हुई। श्रीमती लोया ने बताया कि किसी भी परिस्थिति से हारे नही। जीवन संघर्षो का दूसरा नाम है। संघर्ष ही जीवन है। आप जितना संघर्ष करेंगे आपको जीवन में सफलता मिलने के उतने अधिक अवसर मिलेंगे। शिविर में वासुदेव साहू ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में विक्की रामटेके, वैशाली लाउत्रे, राजाराम सिन्हा, प्रज्जवल गेडाम, कौशल लीना, मानसी उमाकांत, दीपशिखा, रोशन, वीरेंद्र, मयूरी, निकिता माधुरी आदि शामिल हुए। संचालन उमाकांत ने किया।

### वैश्विक स्तर पर हिन्दी का बढ़ता वर्चस्वः संजीव



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर के मार्गदर्शन हिन्दी विभाग अध्यक्ष डॉ. बीएन जागृत के निर्देशन में हिंदी विभाग द्वारा विश्व हिंदी दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी संजीव सिंघल ने कहा कि हिन्दी भाषा का वर्चस्व वैश्विक स्तर पर निरंतर बढ़ता जा रहा है। विश्व की पांच शक्तिशाली भाषाओं में हिन्दी अपना महत्त्वपूर्ण स्थान रखती है। इस अवसर पर डॉ. बीएन जागृत ने कहा कि विश्व में पहली बार हिन्दी दिवस मनाने परंपरा 10 जनवरी 2006 ई. से प्रारंभ हुई। इसका उद्देश्य भारतीय भाषा के विषय में जागरूकता उत्पन्न कर विश्वभर में हिन्दी को वैश्विक भाषा के रूप में प्रचारित करना है। कार्यक्रम का संचालन करते डॉ. नीलम तिवारी ने बताया कि हिन्दी को ज्ञान की भाषा बनाना आवश्यक है। इसके लिए अधिकाधिक हिन्दी को व्यवहार में लाना अनिवार्य है। दीक्षा देशपांडे ने कहा कि हिन्दी भाषा में इतनी सहजता है कि वह अन्य भाषा भाषी व्यक्ति को भी सरलता से अपना लेती है। बिन्दु डनसेना ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर विद्यार्थियों ने काव्यपाठ कर हिन्दी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट किया। कार्यक्रम में अमितेश सोनकर, रेशमी साहू, डॉ. गायत्री साहू, रितु यादव एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## निधन



### शचि अग्रहरि

**राजनांदगांव।** स्थानीय कामठी लाइन स्थित बाबा फर्नीचर के संचालक एवं अग्रहरि वैश्य ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती शचि अग्रहरि का आज सुबह निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज शाम उनके निवास स्थान से निकली। लखोली स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

---

ऐतिहासिक दिन जन्म होने पर माता-पिता ने दिया राम-सीता का नाम

# शुभ घड़ी में दो दर्जन घरों में गूंजी नन्हे 'राम' की किलकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अयोध्या में जिस वक्त मंदिर में प्रभु श्रीराम लला की मूर्ति का प्राण-प्रतिष्ठा जारी था, उस शुभ घड़ी के दौरान ही शहर में दो दर्जन परिवारों के घर में भी नन्हें राम ने जन्म लिया। इस ऐतिहासिक दिन जन्म होने से नवजात के पालक भी अत्यंत उत्साहित नजर आए। कई पालकों ने अपने बच्चों का नाम आज ही श्रीराम के नाम पर रख दिया।

उल्लेखनीय है कि राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा आयोजन के चलते 22 जनवरी का दिन इतिहास के सुनहरे पन्नों में शामिल हो गया है। इस ऐतिहासिक दिन का उत्साह हर तरफ नजर आ रहा है। यही वातावरण जिलों के अस्पतालों में भी देखने को मिला। नर्सिंग होम में 22 जनवरी को प्रसव कराने के लिए पालकों ने विशेष मांग कर रखी थी। हालांकि डॉक्टरों ने स्थिति के अनुसार ही ऑपरेशन से डिलीवरी कराई। मिली जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल से लेकर पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल एवं निजी नर्सिंग होम को मिलाकर करीबन दो दर्जन बच्चों ने सोमवार को जन्म लिया। इनमें लड़कों के साथ ही लड़कियां भी शामिल है। लड़कों के नाम प्रभु राम पर आधारित रखे जाएंगे। जबकि लड़कियों के लिए मां सीता से जुड़े नाम की तलाश होगी।

## ऐतिहासिक दिन का बेसब्री से रहा इंतजार



### जुड़वा भाई का भी जन्म, राम-लक्ष्मण दिया नाम



मिली जानकारी के अनुसार पेंड्री स्थित जिला अस्पताल में सोमवार के दिन कुल पांच बच्चों ने जन्म लिया। इसी तरह बसंतपुर स्थित जिला अस्पताल में तीन बच्चों ने जन्म लिया। कुमुद मोहबे अस्पताल में सात बच्चें हुए, जिनमें जुड़वा बच्चें भी शामिल थे। इसके साथ ही सभी निजी अस्पतालों में दो दर्जन बच्चों ने जन्म लिया।

---

# सोसाइटियों में खप रहा बाहर का धान

**डोंगरगढ़।** मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र से अवैध धान लाकर बार्डर क्षेत्र में डम्प कर समितियों में खपाने की जानकारी मिली है। इस खेल को कोचिया, किसानों और जनप्रतिनिधि द्वारा अधिकारियो से तालमेल बैठाकर खेला जा रहा है। लाल बहादुर नगर, चिचोला, चारभाठा, मडियान, कनेरी, बोरतलाव के कई व्यापारी रातो-रात गोदाम में धान का भंडारण कर किसानों की आड़ में लगभग 5 करोड का धान सोसायटियों में खपा चुके है। अभी भी गोदामों में जमा धानों को थोड़ा-थोडा कर खपाया जा रहा है। जिला प्रशासन ने बाहर के धान की आवाजाही को रोकने के निर्देश जारी किए है किन्तु धान खरीदी से जुडे अधिकारियों के संरक्षण में धान खपाने का खेल चल रहा है। बताया जाता है कि धान के अवैध कारोबार में 200 से 300 रूपए कमीशन तय है।

### कर्मियों के भरोसे खरीदी

विकासखंड अंतर्गत लगभग एक दर्जन धान खरीदी केन्द्रो में बिना समिति प्रबंधक के कर्मचारियों के भरोसे धान खरीदी किया जा रहा है। समिति में सीनियर कर्मचारी होने के बाद भी जूनियर कर्मचारियों के माध्यम से खरीदी हो रही है। कई सोसायटी ऐसी भी है जिसमें कम्प्यूटर आपरेटर है तो कही सेल्समेन। सोसायटियों में भूसा खरीदी के नाम से हजारों का फर्जी बिल बनाकर राशि निकाला गया है।

---

# राम की भक्ति में डूबा वनांचल, जगह-जगह कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

श्रीराम लला प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी राममय में लीन हुआ। जिला मुख्यालय के साथ ही सभी विकासखंड मुख्यालय, सभी ग्राम पंचायतों, सभी छोटे-बड़े मंदिरों में रामनाम की गूंज देखने और सुनने को मिला। उत्साह, उमंग और भक्तिमय की धारा इस तरह से बही कि हर किसी को इसमें लीन देखने को मिला।




चारों तरफ खुशियां और उत्साह का मंजर रहा। आस्था और भक्ति का रंग लोगों में चढ़कर बोला। युवा, जवान, महिला, पुरुष, बच्चे, बूढ़े हर किसी में खुशी और उत्साह का माहोल रहा। एक ओर जहां लोग नाच-गाकर झूम रहे थे। वहीं दूसरी ओर अपने इष्टदेव की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर एक-दूसरे को बधाई और शुभकामनाएं दे रहे थे। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में चारों तरफ खुशियां और भक्ति का वातावरण से खुशनुमा माहौल निर्मित हुआ।

अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में मानस गायन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिला स्तर पर स्थानीय दशहरा मैदान मोहला में रामायण मानस गायन महोत्सव का आयोजन किया गया। इसके साथ ही तीनों विकासखंडों में विकासखंड स्तरीय मानस गायन महोत्सव का आयोजन किया गया। विकासखंड अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत मेटेपार, मोहला के ग्राम पंचायत ढूटीटोला (गिधाली) एवं मानपुर विकासखंड स्थानीय मानपुर में रामायण मानस गायन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिला एवं विकासखंड स्तरीय रामायण मानस गायन महोत्सव में 5-5 मानस मंडली ने राम भक्तिमय सुर-संगीत की प्रस्तुति दी, जिसे रामभक्तों ने भक्तिमय से लीन होकर सुना। जिला स्तरीय रामायण मानस मंडली कार्यक्रम में कलेक्टर एस. जयवर्धन, पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह सहित अन्य जिला अधिकारियों ने रामभक्ति का रसपान किया।

### हजारों साल की प्रतीक्षा हुई खत्म

श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा पर ग्राम पंचायत मचांदूर के 70 वर्षीय कार्तिकराम पुरामे ने कहा कि आज अयोध्या में श्रीराम विराजे हैं। उन्होंने कहा कि हजारों साल का सपना आज साकार हुआ है। अनेक साधु-संतों, ऋषि-मुनियों, राम भक्तों का सपना साकार हुआ है। उन्होंने कहा कि रामभक्ति में डूबने और हमारे आराध्य राम की पूजा करने का शुभ अवसर मिला है। मातृशक्ति सेवा समिति मोहला की अध्यक्ष सावित्री नेताम ने कहा कि जीवन में सबसे बड़ी खुशहाली मनाने का मौका मिला है। राम के आने से जीवन की सारी समस्या और दुखों से मुक्ति मिलेगी।

---

# नाबालिग से कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक नाबालिग को बहला-फुसला कर आरोपी ने कुकर्म किया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना साल्हेवारा क्षेत्र में 13 जनवरी की दरम्यानी रात्रि में आरोपी ताहमीद खान निवासी झांझ नगर साल्हेवारा, जो गांव-गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाचा कार्यक्रम का स्टेज शो रंग झाझर नाम से संचालित करता है, डांस कराने के बहाने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपने घर लाकर शारीरिक शोषण किया। जिसकी रिपोर्ट पर जिला कबीरधाम में अपराध पंजीबद्ध की गई थी। घटनास्थल थाना साल्हेवारा क्षेत्र का होने से विवेचना हेतु डायरी थाना साल्हेवारा को प्राप्त होने पर जिला केसीजी के पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा प्रकरण की गंभीरता को देखते आरोपी की गिरफ्तारी हेतु तत्काल विशेष टीम गठित कर आरोपी की पता तलाश करने निर्देशित किया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पांडे, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी प्रशांत खांडे के निर्देशन में पुलिस द्वारा आरोपी की पतासाजी की जा रही थी, जो गिरफ्तारी की डर से लुक-छिप रहा था, जिसे 21 जनवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

---

# सरकारी जमीन से खनिज का खनन

**डोंगरगढ़।** शहर में चल रहे अवैध उत्खनन में खनिज विभाग की भूमिका संदिग्ध नजर आ रहीहै। वहीं राजस्व एवं पुलिस प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे है। खनिज उत्खनन के साथ ओवरलोड गाड़ियों पर कार्रवाई करते हुए थाने में खडे तो किया जाता है किन्तु बाद में कार्रवाई करने के बजाय राजनीतिक संरक्षण और लेनदेन कर छोड़ दिया जाता है। शहर की शासकीय जमीनों के अलावा नीजि भूमि को खोदकर मुरूम की चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मौके पर जाकर जमीन मालिक की शिकायत के आधार पर वाहनों को जप्त कर थाने में खडे तो किया है किन्तु कुछ ही घंटो बाद बिना कार्यवाही के वाहनों को छोड़ दिया गया। जानकारी के अनुसार थाने में पिछले 10 दिनों में कई वाहनों को जप्त कर खडे किया गया लेकिन की गई कार्रवाई की जानकारी नहीं दिया गया। कांग्रेस शासनकाल से शहर में अवैध उत्खनन कर कुछ रसूदखोर लोगों ने शासन को चूना लगाया था। सरकार बदलने के बाद खनिज का कारोबार पहले जैसे ही चल रहा है। लोगों की जमीन से किए जा रहे खनन की शिकायत के बाद भी प्रशासनिक कार्रवाई करने के बजाए उन्हे संरक्षण दिया जा रहा है।

---

# बलिदान दिवस पर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा शहीद हेमू कालाणी चौक पर एकत्रित होकर शहीद हेमू कालाणी के 81वें बलिदान दिवस पर दीप प्रज्जवलित कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



सिंधी समाज के वरिष्ठ आवतराम तेजवानी, ब्रम्हानंद बजाज, घनश्यामदास गंगवानी ने कहा कि अंग्रेजों ने दिल्ली में भारी तबाही मचाने गोले, बारूद से भरी मालगाड़ी रवाना की।

इसकी सूचना मिलते ही वीर हेमू कालाणी ने अपनी हिंद सेना के साथ ट्रेन को लाहौर में रोका। हेमू कालाणी जब मात्र 7 वर्ष के थे, तब वह तिरंगा लेकर अंग्रेजों की बस्ती में अपने दोस्तों के साथ क्रांतिकारी गतिविधियों का नेतृत्व करते थे। 1942 में 19 वर्षीय किशोर क्रांतिकारी ने "अंग्रेजों भारत छोड़ो" नारे के साथ अपनी टोली के साथ सिंध प्रदेश में तहलका मचा दिया था। 1942 में क्रांतिकारी हौसले से भयभीत अंग्रेजी हुकूमत ने हेमू की उम्र कैद को फांसी की सजा में तब्दील कर दिया। फांसी पर झूलना ही बेहतर समझा और मां की चरण वंदना करते कहा "मेरा सपना पूरा हुआ, अब जननी भारत को आजाद होने से कोई नहीं रोक सकता "21 जनवरी 1943 को हेमू कालाणी को फांसी दे दी गई थी। इस अवसर पर वरिष्ठ सलाहकार अर्जुनदास पंजवानी, आवतराम तेजवानी, ब्रह्मानंद बजाज, गुरमुखदास वाधवा, महासचिव अमर लालवानी, पवन गनसानी, डॉ. करतार सिंह कंजवानी, चंदन रूचंदानी, गोविंद सिंह वाधवानी, मनोहर पंजवानी, विनोद लुल्ला, नंदलाल पंजवानी, नितिन बत्रा, पंकज जेठानी, अशोक तेजवानी, रमेश गिडवानी, दौलत रामचंदानी, प्रकाश वाधवानी, हरीश मोटलानी, अर्जुन गंगवानी, अशोक झमटानी, चंद्रपाल कटियारा, अशोक मोतीरामानी, डॉ. मुरलीधर, ज्ञानचंद लालवानी, मनोहर बजाज, राम मंजर, कौशल शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं भी उपस्थित थी। मीडिया प्रभारी अर्जुन गंगवानी ने बताया कि समाज के लोगों ने मोमबत्ती जलाकर वीर शहीद हेमू कलानी को याद किया।

---

विद्यालय परिसर में भजन गायक सजल ने दी भक्तिमय प्रस्तुति

# प्राण-प्रतिष्ठा से पहले युगांतर ने निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल में अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर विद्यालय परिसर को विख्यात भजन गायक सजल बैद ने अपनी भक्तिमयी प्रस्तुतियों से समा बांधा। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने इनके भजनों में नाचते-झूमते भाव विभोर हो गए। इसी तारतम्य में विद्यालय में भव्य शोभायात्रा शाम 6.15 को निकली। विद्यालय परिसर को 1500 दीयों से सुसज्जित किया गया। यही नहीं विद्यालय के कला विभाग के शिक्षक अजय चौरसिया व ज्ञानेश पटेल द्वारा आकर्षक पुष्प-सज्जा की गई। साथ ही श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान व शबरी की रंगोली भी बनाई गई। उन्होंने दीयों की सजावट में श्री राम, ॐ, स्वस्तिक की शानदार रूपरेखा बनाई। प्राइमरी विभाग के विद्यार्थी इस कार्यक्रम के भागीदार बने। हवन का कार्यक्रम भी आयोजन हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने श्रीराम लला को यज्ञ की आहूति प्रदान की।




प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल ने कहा कि श्रीराम लला का स्वागत करने युगांतर परिवार ने यह आयोजन किया। 500 वर्षों के इंतजार के बाद सभी भारतीयों के लिए यह सुखद अवसर है। युगांतर इसमें शामिल होकर राम राज्य की कल्पना को साकार करने महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। विद्यालय प्रबंध समिति के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, अखराज कोटड़िया, नरेंद्र कोटड़िया, अजय सिंगी, पीआरओ दिनेश प्रताप सिंह, प्रशासक सुरेंद्र भार्गव सहित युगांतर परिवार ने देशवासियों को अयोध्या में राम लला के प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर बधाई संप्रेषित की।

### छात्रों ने भी दी भजनों की प्रस्तुति

इस शुभ अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा राममय भजनों का गायन कर इसे ऐतिहासिक बनाया गया। विद्यार्थियों की ओर से प्रियेश रोय, अक्षरा श्रीवास्तव, राशि जोशी, वर्णिका तिवारी, प्रकृति अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, प्रणव खंडेलवाल द्वारा भजनों का शानदार प्रस्तुतिकरण हुआ। आयोजन में शुरू से अंत तक केतन गुप्ता राम, अरिहंत गुप्ता लक्ष्मण, सक्षम जांगड़े हनुमान की भूमिका में उपस्थित रहे। भजनों को संगीतमय बनाने में विद्यार्थियों की ओर से प्रत्युष गेडाम, शीतल बोहारिया, शिक्षक की ओर से वीएन राय, अक्षय केहरि, गोपी प्रसाद पटेल, विनय नायडू, आकांक्षा चतुर्वेदी, प्रवीण राजन, नम्रता तिवारी, मनोज राय ने अमूल्य योगदान दिया। शोभा यात्रा में बैंड पार्टी का नेतृत्व छात्र भूषण दियेवार, आसिफ हुसैन, उबैद , दीप, रोनित जायसवाल, विहान कुंडलिक, पीयूष कालबांधे ने किया। विद्यालय के मेस प्रभारी खूबचंद जोशी व निभू शर्मा स्वादिष्ट व्यंजनों की व्यवस्था की। प्री प्राइमरी की सेक्शन इंचार्ज ओजस्वी यादव, प्राइमरी की सेक्शन इंचार्ज श्वेता मूंदड़ा, मीडिल के सेक्शन इंचार्ज सुरेश उपाध्याय, हाईस्कूल सेक्शन इंचार्ज सुषमा प्रताप, हायर सेकंडरी सेक्शन इंचार्ज मदनमोहन कालबांधे ने शामिल होकर आयोजन को सफलता के अंजाम तक पहुंचाया।

---

# शहर में बिक रही अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर में अवैध शराब का कारोबार थमने के बजाय धडल्ले से संचालित हो रहा है। इस मामले में आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन की कार्रवाई महज दिखावा साबित हो रही है।

महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से शराब लाकर यहां खपाया जा रहा है। पुलिस एवं आबकारी विभाग की टीम ने पिछले दो माह में कई शराब तस्करों को पकड़कर शराब तस्करी पर अंकुश लगाने का प्रयास किया है फिर भी शराब ठेकेदार सांठगांठ कर शराब भेज रहे । शहर की कई होटल, ढाबो में पूर्व की भांति शराब बेचा जा रहा है।

शराब कोचिया 100 रूपए कीमत की शराब को 120 में बेच रहे है।

शहर में शराब की बिक्री बंद तो नही हुई लेकिन कार्रवाई के डर से शराब कोचिया चोरी छिपे लोगों को शराब उपलब्ध करा रहे है।

## खबर संक्षेप

### ज्वेलरी कारोबार में रकम लगाने का झांसा, ठगी

**भिलाई।** एक दंपत्ति ने रकम जमा करने का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी किया है। शिकायत के बाद पुलिस न दंपत्ति के खिलाफ धारा 294,420, 506बी, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि सदर बाजार रोड दुर्गा मंदिर नरोरा कम्पलेक्स दुर्ग निवासी प्रकाश कुमार देवांगन का आरोपी दंपति वार्ड 33 चंडी मंदिर रोड दुर्ग निवासी वी. सतोंष आचारी सोनारी और वी रानी सोनी से पुरानी जान पहचान है। पीड़ित को आरोपी दंपत्ति सोने के व्यापार में रुपए लगाने पर 6 माह में रकम दोगुना होने का झांसा दिया। पीड़ित ने 26 सितंबर 2018 को दंपत्ति को चेक के माध्यम से तीन बार में 3 लाख रुपए दिया। 2 अक्टूबर को आरोपियों ने पीड़ित को बुलाकर सोना का कोरोबार में लाभ होना बताकर 20 हजार रुपए की रकम उसे थमा दिया। फिर आरोपियों ने पीड़ित को नया ऑफर दिया जिसमे ढ़ाई लाख रुपए लगाने पर ज्यादा लाभ होने का लालच दिया। इस पर प्रकाश देवांगन से लाभ का आय तक नहीं दिया। पीड़ित से आरोपियों ने कुल 5 लाख 50 हजार रुपए का ठगी किया।

### हथियार सहित युवक पकड़ाया

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर आतंक फैलाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि गांधी चैक पुरानी बस्ती सुपेला के पास रमेश यादव उर्फ रमउ नामक युवक धारदार हथियार लेकर आंतक फैला रहा था।

### सड़क हादसे में पिता की मौत, बेटा गंभीर

**भिलाई।** सड़क हादसे में एक्टिवा सवार पिता की मौके पर मौत हो गई वहीं बेटा गंभीर रुप से घायल हो गया है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया है। कोतवाली दुर्ग पुलिस ने बताया कि पटेल चौक दुर्ग के पास अनियंत्रित कार सीजी 8 एवी 9503 के चालक ने लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए। एक्टिवा सीजी 07 बीआर 3271 में वार्ड 39 ऋषभ नगर दुर्ग निवासी पिता प्रकाशचंद जैन और बेटा प्रियंक जैन सवार होकर दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। इस दौरान दोनों पटेल चौक के पास पहुचे ही थे कि भिलाई की ओर से कार तेज रफ्तार से आ रही थी। कार ने एक्टिवार सवार प्रियंक और प्रकाशचंद को चपेट में लिया।





**श्रीराम ने किया भ्रमण :** बालोद। शहर के पाण्डेपारा में भी भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राम भक्त काफी उत्साहित नजर आए और नन्हें बच्चों को भगवान राम के वेशभूषा धारण कराकर उन्हें मोहल्ले का भ्रमण कराते हुए कलशयात्रा निकाली गई। वहीं विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस दौरान यहां श्रद्धालुओं के लिए भंडारा का आयोजन किया गया।

प्राण-प्रतिष्ठा

# श्रीराम-लक्ष्मण के साथ वानर सेना ने किया गांव का भ्रमण

**ग्रामीण अंचलों में छलका उत्साह, मंदिरों में भजन-कीर्तन के साथ भंडारा का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बालोद

जिले के ग्रामीण अंचलों में आयोध्या में स्थापित राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विभिन्न आयोजन देखने को मिला। इस अवसर पर ग्रामीणों के द्वारा कलशयात्रा और पूजापाठ के साथ ही राम लला की आकर्षक झांकी निकालकर उत्सव मनाया गया।

जहां बच्चों को श्री रामचंद्र जी के साथ माता जानकी और लक्ष्मण जी की वेशभूषा से सुसजित कर उन्हें गांव की प्रत्येक गलियों में भ्रमण कराया गया। जिसके पीछे महिलाओं की टोलियां कलशयात्रा लेकर निकली। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पूजा-अर्चना कर भगवान राम का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। ग्राम बरही में ग्रामीणों के द्वारा विशेष उत्साह देखने को मिला, जहां दार्शनिक स्थल खोलडोंगरी से पूजा अर्चना कर सैकड़ों की संख्या में महिलाओं के साथ ग्रामीणों की टोली राम जी का जयकारा और रामायणी गीतों के साथ गांव के प्रत्येक गलियों में भ्रमण किया। राम मंदिर पहुंच कर कलशयात्रा समाप्त हुई। गांव की गलियों में राम नाम की रंगोली, भगवा झालर, लाइट और भगवा रंग के झंडे आकर्षक नजर आ रहे थे। ग्रामीणों की आस्था और भगवान राम के प्रति आस्था का अनोखा भाव देखने को मिल रहा था।




जामगांव बी में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। यहां ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर बनेगा।वहीं गांव में श्रीमद भागवत महापुराण कथा जारी है। ग्राम सांकरा क में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कलश यात्रा का शुभारम्भ मुक्ता नगर से प्रारम्भ कर गांव भ्रमण पश्चात शीतला मंदिर में समाप्त किया गया। यहां ग्रामीणों के द्वारा भव्य प्रसादी की व्यवस्था की गई थी।



## घीना में केंवट समाज ने मनाई भक्त गुहा निषाद राज जयंती



**बालोद।** केंवट समाज ग्राम घीना द्वारा भक्त गुहा निषाद जयंती का आयोजन कर श्री राम की प्रतिमा पर विशेष पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने सामाजिक संगठन को मजबूत करने का एक संकल्प लिया। ध्वजारोहण कर अपने समाज उत्थान पर संगठन को भली भांति सँवारने का आव्हान समाज के नेतृत्वकर्ताओं ने प्रयास किया। शिक्षा, धार्मिक, सामाजिक व रहने संबंधी बात रखी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डालचंद जैन थे। अध्यक्षता ग्राम पटेल सुखी राम पटेल ने किया। विशेष अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत घीना बिंदु तारम, बिझवार तारम, नरेश विश्कर्मा, चतुर सिन्हा, मन्नालाल डड़सेना, खम्भन साहू, राजू सेन, पवन सेवता, रूपसिंह रावटे, अंजू बाई सिन्हा पंच उपस्थित थे।

## पूजा-अर्चना कर बांटी प्रसादी



**गुरूर।** अयोध्या में हुए भगवान श्री रामचंद्र की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के युवाओं ने भी राहगीरों के लिए प्रसादी भंडारा की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर प्रसादी का लाभ लिया। नगर सहित आसपास के ग्रामीण श्रद्धालुओं ने इस धार्मिक आयोजन में भाग लेकर प्रसादी ग्रहण कर प्रभु श्री रामचंद्र व हनुमान जी के जयकारे लगाए। इस दौरान प्रांजल कंसारी, आशुतोष सिन्हा, हिमांशु साहू, अभिषेक साहू, खुशी प्रजापति, मुकेश साहू मौजूद रहे।

## सर्व सेन समाज ने धूमधाम से मनाया प्राण-प्रतिष्ठा पर्व



**गुरूर।** सर्व सेन समाज गुरुर ने श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भगवान श्री रामचंद्र के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर पूजन आरती की गई। सामाजिक बंधुओं ने इस खुशियों के अवसर पर कहा कि लोगों को इस दिन को जानना चाहिए और आज का यह धार्मिक अवसर बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने अपने घर पर पांच दीप जलाकर पूजन आरती करने की अपील की। इस अवसर पर समाज के सदस्य विजय सेन, योगेंद्र सेन, पप्पू सेन, पंकज सेन, संतोष सेन, किशोर सेन, राकेश सेन, धर्मेंद्र सेन, कमलेश सेन, जितेंद्र सेन उपस्थित थे।





## दुर्गा मंदिर में हुआ भंडारा

बालोद। नगर के गंजपारा में स्थित दुर्गा मंदिर समिति द्वारा सोमवार दोपहर महाप्रसादी भंडारा का आयोजन कियया गया। सुबह से ही यहां पूजा-अर्चना व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। वहीं दोपहर होते ही करीब 4 हजार भक्तों के लिए महाप्रसादी भंडारा रखा गया, भक्त भारी संख्या में यहां पहुंचे और महाप्रसादी ग्रहण किया।

# मानव तन परमात्मा का सबसे बड़ा वरदान

**गुरूर।** जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था के मुख्यालय मथुरा से इसके राष्ट्रीय अयक्ष सन्त पंकज जी महाराज के सानिध्य में निकली 82 दिवसीय शाकाहार–सदाचार, मद्यनिषेध जनजागरण यात्रा ने गढ़िया बाबा मन्दिर के निकट खेल मैदान कंवर में अपना 27 वाँ पड़ाव किया।

- गढ़िया बाबा मन्दिर के पास हुआ प्रवचन

यहाँ आयोजित सत्संग समारोह में प्रवचन करते हुए पंकज जी महाराज ने कहा कि इस बेशकीमती मानव तन की प्राप्ति परमात्मा का सबसे बड़ा वरदान है। इसे महापुरुषों ने साधना का धाम बताया है। इसी के द्वारा हम प्रभु को प्राप्त करके जीवन सफल बना सकते हैं। सारी आत्मायें परमात्मा के देश से शब्द यानि देववाणी, अनहदवाणी, कलमा पर उतार कर लाई गई। अब यहां आकर आत्मा, रूह का सम्बन्ध शब्द से छूट गया। अब इसे यह बोध नहीं रहा कि हम कहां से आये, मरने के बाद कहां जायेंगे, अपना सच्चा मालिक कैसे मिलेगा। यह मनुष्य मात्र का एक जटिल प्रश्न है, जिसका समाधान प्रभु प्राप्ति वाले सन्त महात्मा के सत्संग से होता है। प्रभु के प्राप्त करने वाले सन्त सतगुरु की तलाश करें और जो दया का प्रसाद वो दें उसे लेकर भजन की कमाई कर लें। इससे जीवात्मा जन्म–मरण के बन्धन से मुक्त हो जाएगी। बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के उत्तराधिकारी ने कहा कि लोग कहते हैं ढाई अक्षर प्रेम है, वह सबके अन्दर है, यही नाम है जो सबके अन्दर गुंजायमान हो रहा है। जब जीवात्मा इसको पकड़ लेगी तो अपने निजघर पहुंच जायेगी। शब्द की कमाई कलयुग की सबसे सरल साधना है और इसका वर्णन करते हुए सन्तों ने कहा कलयुग में सन्तों ने साधना के केवल तीन ही रास्ते बताये पहला सुमिरन, दूसरा ध्यान, तीसरा भजन।



### मथुरा में 24 मार्च से प्रस्तावित होली सत्संग मेला का दिया आमंत्रण

महाराज जी ने जयगुरुदेव आश्रम, मथुरा में आगामी 24 से 26 मार्च तक आयोजित होने वाले होली सत्संग मेला में आने का निमन्त्रण दिया तथा बताया कि मथुरा में वरदानी जयगुरुदेव मन्दिर बना है, जहाँ बुराइयाँ चढ़ाने पर मनोकामना की पूर्ति होती है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष डा. कमल सिंह पटेल, प्रदेश प्रभारी जसवन्त प्रसाद चौरसिया, आयोजक एवं जिलाध्यक्ष चित्रलेखा दीवान, चण्डी माता मन्दिर ट्रस्ट के गोविन्द ठाकुर, एचके रात्रे, बीआर साहू, सीएल. मुरार, योगेन्द्र पटेल, सरपंच ग्राम पंचायत कंवर दिव्या पटेल, प्रतिनिधि रेखलाल पटेल, उपसरपंच त्रिलोकी साहू, सहयोगी संगत लखनऊ सरोजनी नगर के ब्लाक अध्यक्ष नन्द पाल यादव, अरविन्द सिंह, श्याम बाबू, राधेलाल, किरण, संगीता सहित संस्था के कई पदाधिकारी एवं प्रबन्ध समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# राशन कार्डों का किया जाएगा नवीनीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बालोद

खाद्य नागरिक एवं आपूर्ति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत राज्य में प्रचलित राशनकार्डों का नवीनीकरण किया जाएगा। इसके अंतर्गत राशनकार्ड के नवीनीकरण हेतु हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त करने एवं हितग्राहियों को राशनकार्ड वितरण की तिथि 25 जनवरी से 29 फरवरी तक निर्धारित की गई है। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने इस कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा कर जिले के शतप्रतिशत हितग्राहियों को इसका लाभ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। जारी किए गए निर्देश के आधार पर राशनकार्ड नवीनीकरण हेतु राशनकार्ड धारी स्वयं अपने एन्ड्रायड मोबाईल से विभागीय वेबसाइट से एप्प डाउनलोड कर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत एवं स्थानीय निकाय स्तर पर संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालक (विक्रेता) के पंजीकृत एन्ड्रायड मोबाइल या टेबलेट के माध्यम से भी हितग्राही आवेदन कर सकेंगे। राशनकार्डधारी हितग्राही ऑनलाईन आवेदन के साथ संचालक (खाद्य) द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र की लिखित प्रति में संचालक (विक्रेता) के पास जमा की जाएगी। दुकान विक्रेता द्वारा प्राप्त लिखित आवेदन नवीनीकरण की आगामी कार्यवाही हेतु संबंधित ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय में जमा किया जाएगा।

उसके पश्चात छत्तीसगढ़ राशनकार्ड नियम 2016 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी द्वारा राशनकार्ड नवीनीकरण तथा पीडीएफ प्रिन्ट की कार्यवाही की जाएगी। राशनकार्ड का पीडीएफ तैयार होने तथा संचालक खाद्य द्वारा मुद्रण पश्चात प्रदाय राशनकार्ड कव्हर के साथ पीडीएफ संलग्न कर प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी उपरांत राशनकार्ड वितरण की कार्यवाही की जाएगी। सामान्य राशनकार्ड को छोड़कर शेष समस्त नवीनीकृत राशनकार्ड निःशुल्क प्रदाय किया जाना है। सामान्य राशनकार्ड पर 10 रुपये प्रति कार्ड की राशि हितग्राही को देना होगा।

नवीन राशनकार्ड वितरण के पूर्व पुराने राशनकार्डो को जमा करने के बाद ही नवीन राशनकार्ड प्रदाय किया जाए इस हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय में 01 रजिस्टर का संधारण किया जाना है। जिसमें पुराने कार्ड जमा एवं नवीन राशनकार्ड जारी के दौरान हितग्राही का हस्ताक्षर लिया जाएगा। राशनकार्ड नवीनीकरण हेतु संचालनालय से मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण उपरांत जिले के प्रशिक्षित ट्रेनर द्वारा प्रत्येक विकाखण्डों में ग्राम पंचायत एवं स्थानीय निकायों के कर्मचारियों एवं दुकान संचालकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### कराई जाएगी मुनादी

ऐसे राशनकार्डधारी जिसमें एकल सदस्य, निःशक्त अथवा वृध्द होने के कारण उनका राशन सामग्री का उठाव हेतु नॉमिनी नियुक्त की गई है, उनके राशनकार्ड के नवीनीकरण के लिए विभागीय वेबसाइट में पृथक से प्रावधान रहेगा। उसके माध्यम से उनके राशनकार्डो को नवीनीकरण की कार्यवाही की जाएगी। उक्त राशनकार्ड के नवीनीकरण के संबंध में प्रत्येक ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में मुनादी कराई जाएगी एवं कार्यवाही हेतु प्रदाय चेक–लिस्ट प्रत्येक ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में चस्पा की जाएगी, जिससे की समय पर राशनकार्ड नवीनीकरण की कार्यवाही पूरी की जा सके।

# बड़भूम पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गुरूर

विकसित भारत संकल्प यात्रा का बड़भूम में आगमन हुआ। जहां सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। सरकारी योजनाओं के बारे में स्व सहायता समूह ने भी जानकारी दी।

- लोगों को दी गई केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी

मंडल अध्यक्ष कौशल साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर धर्म के लोगों को लाभ पहुचाना चाह रहे हैं। पूर्व जिला भाजपा उपाध्यक्ष यादराम साहू ने कहा कि जन धन योजना से पहले बैक में खाता नहीं था, लेकिन अब सभी लोग खाता खुलवा रहे हैं। कार्यक्रम को महामंत्री भुवन साहू, मेघनाथ सलाम, बलराम गोटी ने भी संबोधित किया। सुकन्या योजना के तहत पुष्पा निषाद, पेटेचुआ प्रधानमंत्री उज्जवला योजना मे रामकुंवर भास्कर, भेजा जंगली बिन्दु कुरैटी, पेटेचुआ धरमीन बड़भूम, डीआईएलआरएमपी योजना में संतोषी, बड़भूम बुधराम संजय, कुरैटी सखा राम, कुरैटी सदन राम को सम्मानित किया गया। कृषि विभाग की ओर से सहदेव राम हिडको, बैसकू राम, बहुर राम, देवसिग, आयुषमान कार्ड मे फूलेश्वरी, गजाधर, पीयुष कुमार, श्वेता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



बताते हैं कि वन विभाग से कोई अधिकारी उपस्थित नहीं थे, जिसके कारण बार बार मंच से आवाज लगाते रहे, लेकिन कोई भी वन विभाग की ओर से उपस्थित नहीं हुए। जिसके कारण अतिथियों में नाराजगी देखी गई। अतिथियों ने सभी स्टालों का निरीक्षण किया एवं जानकारी ली। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी सुरेश ठाकुर, सरपंच बल्ला कुंजाम, प्राचार्य डीआर ठाकुर, सचिव नवल सिह ध्रुव, उल्फी देवी टेकाम, गीता गावडे, बृजलाल कांगे, नागेश्वर सलाम, डामन मंडावी, चतुर जुर्री अर्जुन भास्कर, दाऊलाल उन्द्राले सहित जंगली भेजा, पेटेचुआ, दुग्गाबाहरा के ग्रामीण शामिल थे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी
मो : 7067576396, 8319272982
ESIC CARD सुविधा उपलब्ध
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
डॉ. अभिषेक लॉज एम.एस. ऑर्थो (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
डॉ. नरेश देवांगन एमबीबीएस, न्यूरो सर्जन (मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ)
डॉ. गौरव त्रिपाठी कार्डियोलॉजिस्ट
डॉ. मुरारी वशानी डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन
डॉ. यतीन देवांगन प्लास्टिक सर्जन
डॉ. उत्कर्ष नंदा एम.एस.सर्जन (जनरल सर्जन)
डॉ. एस.दास एमबीबीएस, एमडी (मैडीसिन विशेषज्ञ)
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ.आकाश अग्रवाल यूरोलॉजी

## खबर संक्षेप



### सशिमं खैरा में की गई स्वास्थ्य जांच

**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक खर्रा में भैया बहनों की स्वास्थ्य जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग के बीएल साहू, आरएचओ नर्स भारती साहू ने सिकल सेल जांच कर स्वस्थ व सेहत मंद जीवन के लिए मार्गदर्शन दिया। इस दौरान सिकल सेल बीमारी के कारण, लक्षण व उपचार के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर प्रधानाचार्य फल देव साहू, वरिष्ठ आचार्य सुखित कलिहरी, आचार्य कामता प्रसाद, मनोहर साहू, दीदी ज्योति सिन्हा, रंजना सिन्हा, टुमेश्वरी पटेल, चितेश्वरी साहू, बीना साहू एवं लिलेश्वरी साहू उपस्थित थे।

### डोकला में किया रामायण पाठ



**गुरूर।** सोमवार को ग्राम डोकला के ग्रामवासियों में भगवान श्री रामचंद्र की मूर्ति स्थापना के अवसर पर विशेष उत्साह देखने को मिला। जहां छोटे बच्चों सहित युवा बुजुर्ग द्वारा भगवान श्री रामचंद्र के तैलचित्र को लेकर बाजे गाजे के साथ शोभायात्र निकाली गई। जिसमें महिलाएं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। गलियों में नाचते झूमते श्री रामचंद्र के जयकारे लगाते हुए गली भ्रमण कराया गया। उसके बाद रामायण पाठ कर प्रसाद वितरण किया गया।

### सलौनी में निकली कलशयात्रा



**अंडा।** अयोध्या में श्री रामलला प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के पावन अवसर में सलौनी के विभिन्न धार्मिक स्थलों, मंदिरों में पूजा-अर्चना की गई और समस्त ग्रामवासियों ने सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर ग्राम में भव्य कलशयात्रा निकाली गई, जिसमें समस्त ग्रामवासी शामिल हुए। ग्रामवासियों ने एक-दूसरे को रामोत्सव की बधाई देते हुए मिठाईयां भी बांटी। ग्रामवासियों ने शाम को घरों में दीप जलाकर रामोत्सव मनाई।

### देवरी द में गूंजेगी श्रीराम कथा

**बालोद/निकुम।** देवरी द पुराना पारा में समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में एक दिवसीय श्रीरामकथा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन प्रमुख गविन्द्रनाथ साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ के प्रसिध्द कथावाचक श्रीराम शरण महराज छुरा की सुमधुर संगीतय कथा होगी।

**कार्यक्रम :** अयोध्या में निर्मित श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में हुए विविध कार्यक्रम

# राममय हुआ अंचल, भगवाध्वज के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ हवन-पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

सोमवार को अयोध्या में श्रीरामजी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर सहित सम्पूर्ण क्षेत्र राममय व भगवामय हो गया।5 सौ साल के इंतजार के बाद जो अवसर मिला उसके स्वागत के लिए श्रद्धालु भक्तों ने कोई भी कसर नहीं छोड़ी। सम्पूर्ण नगर की सजावट सहित घर घर में भगवा ध्वज, भगवा लाइटिंग आदि के माध्यम से राम महोत्सव को उत्साह से लबरेज होकर मनाया गया। नगर में भक्तों का उत्साह चरम पर था। भगवा कपड़े पहनकर व भगवा साफा लगाकर हाथों में भगवा ध्वज लहराते हुए अपनी अपनी खुशी का इजहार कर रहे थे।वही नगर की महिला समिति ने नगर के राजाबाड़ा स्थित श्रीराम मंदिर में विशेष आयोजन व पूजन अर्चन का कार्यक्रम रखा गया था।राम मंदिर में आकर्षक साज सज्जा की गई थी।बहनों ने मंदिर के प्रांगण में आकर्षक रंगोली सजाए। रामजी की विशेष महाआरती की गई।प्रसादी का वितरण किया गया। श्रीरामजानकी महोत्सव समिति ने विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया।नगर के माता दंतेश्वरी मन्दिर प्रांगण नए बस स्टैंड से विधिवत पूजन अर्चना कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया था।





फोटो : लाटाबोड़

### शिवलिंग की झांकी व अघोरियों का अखाड़ा प्रदर्शन रहा आकर्षण का केंद्र

शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण देश के पवित्र शिवलिंग की झांकी व अघोरियों की अद्भुत शिव पार्वती अन्य भक्तों की साक्षात वेशभूषा में शिव तांडव लीला की प्रस्तुति थी। विभिन्न चौराहों पर भभूत की होली के साथ साथ शिव पार्वती की लीला को आकर्षक नृत्य संगीत के माध्यम से प्रस्तुत किया गया था। जुलूस में शामिल भक्त सहित मार्ग के दोनों ओर आमजनमानस उक्त अघोरियों के अखाड़ा प्रदर्शन को अपलक निहारते रहे। साथ ही साथ भगवान को नदी पार कराने वाले नाव की भी झांकी आकर्षण का केंद्र रही। डीजे की धार्मिक राममय धुन पर नाचते थिरकते युवा युवती महिला पुरुष आदि भक्तों की टोली नए बस स्टैंड से मिनी स्टेडियम होते हुए संजय नगर से होते हुए बाजार चौक विवेकानंद चौक पुराने बस स्टैंड चौक रामनगर चौक गायत्री चौक अंडी चौक होते हुए वापस समता हॉस्पिटल गौशाला मार्ग होते हुए नगर के हृदय स्थल विवेकानंद चौक के पास पहुंची जहां पर समिति ने महाआरती का कार्यक्रम रखा था। महा आरती के बाद लगातार 1 घंटे तक आतिशबाजी कर दिवाली मनाई गई। पूरे भ्रमण मार्ग में रामजी के जयकारे की गूंज रही।नगर का चप्पा चप्पा श्रीरामजी की भक्ति से सराबोर रहा।

## सोहपुर में निकाली शोभायात्रा





**गुरूर।** ग्राम सोहपुर में आयोध्या में श्री राम चंद्र जी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर समस्त ग्राम वासियो द्वारा बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा के साथ शोभायात्रा यात्रा निकाली गई। जहां महिलाएं सिर में कलश लेकर सजी हुई दिखी, जिसमें भगवान श्री रामचंद्र के वेशभूषा धारण किए बच्चों की जगह–जगह आरती उतार कर पूजा अर्चना की गई। गांव की गलियों का भ्रमण कराने के बाद रामायण सुंदरकांड पाठ किया गया, फिर खीर पूड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम के धर्मेंद्र साहू, गोकुल साहू, जागेश्वर साहू, नेमन साहू, महेंद्र साहू, योगेश्वर साहू, ओनेश साहू, बिट्टू साहू एवं समस्त वरिष्ठ जनों व ग्रामीणों का सहयोग रहा।

## ठेकवाडीह में किया गया हवन-पूजन



**गुरूर।** ग्राम ठेकवाडीह में युवा संगठन द्वारा तालाब पार में स्थापित हनुमान जी की मंदिर में भगवान श्री रामचंद्र की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूजा अर्चना की गई, जिसमें मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर हवन पूजन किया गया। कार्यक्रम में समिति के सदस्य कुबेर साहू, रूपेंद्र साहू, युगल किशोर, सनी कुमार, रोशन लाल, योगेश्वर, गुलशन, चंद्रकांत, खेमराज, नीतेश, देवेंद्र, उपेंद्र, ईशूप्रकाश का सहयोग रहा।

## दानीटोला के लोगों ने मनाया उत्सव



**गुरुर।** अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ग्राम दानीटोला में उत्सव के रूप में मनाया गया। अक्षत कलश और भगवान राम की प्रतिमा को लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा हनुमान मंदिर से प्रारंभ कर चौक चौराहा से होते हुए पूरे गांव का भ्रमण किया गया। शोभायात्रा में ग्रामवासी बच्चे व महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान जगह–जगह फूल बरसे, आरती उतारी गई व घरों के सामने रंगोली सजाई गई। लोगों ने सिर पर कलश धारण कर पद यात्र की। श्री राम नाम का गुणगान करते भक्तों ने हाथों में झंडा लिए व श्री राम के नारे से गांव भक्तिमय में हो गया। कार्यक्रम में हनुमान चालीसा पाठ, पूजा, अर्चना, आरती कर प्रसादी वितरण कर समाप्त किया गया तथा लोगों को अपने घरों में दीप जलाने का अपील की गई। इस अवसर पर श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे। आयोजन को लेकर ग्रामीणों ने सुबह से ही तैयारी पूरी कर ली गई थी। लोगों में इस ऐतिहासिक अवसर के लिए भरपूर आनंद, उत्साह, हर्षोल्लास देखने को मिला।

## डौंडी में विराजे राम-लक्ष्मण-जानकी



**डौंडी।** सोमवार को जहां अयोध्या में श्री राम मंदिर बनने एवं राम जी की मूर्ति स्थापित होने पर पूरे देश में दिवाली मनाई जा रही है। वहीं, डौंडी बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर में भी मंदिर समिति द्वारा श्री और राम-सीता-लक्ष्मण जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इससे पहले प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी, महिला, पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए। प्रभात फेरी का नगर में फूल माला एवं पटाखे फोड़कर स्वागत किया गया। वहीं, सोमवार को राम, सीता, लक्ष्मण व हनुमान जी के रूप में नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। मंदिर समिति और जजमान के रूप लखन जायसवाल दंपति द्वारा तीन दिनों से हनुमान मंदिर पर राम जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के लिए हवन यज्ञ एवं सुंदरकांड का आयोजन किया गया। सोमवार को प्रतिमा स्थापना के साथ ही मंदिर पर छात्र कलश भी चढ़ाया गया। हनुमान मंदिर पर मूर्ति स्थापना के बाद नगर के लोगों ने राम जी की मूर्ति के दर्शन किए एवं 56 भाव प्रसादी का आनंद लिया।




**भंडारा में लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद :** हनुमान मंदिर में मूर्ति स्थापना दिवस के अवसर पर विशाल भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण किया। वहीं, आज मंदिर समिति द्वारा आयोजित श्री राम कथा का भी अंतिम दिन था। इस अवसर पर डौंडी के सभी लोगों नेअपने प्रतिष्ठान एवं दुकान बंद रखकर राम जी के विशाल कार्यक्रम में शामिल हुए।

उल्लेखनीय है कि वर्षों पुराने नगर के सिद्ध हनुमान मंदिर का जिर्णोद्धार कर नया स्वरूप प्रदान किया गया है। इसमें समिति के प्रमुख सदस्य लखन जायसवाल, अश्वनी जायसवाल, अशोक कोठारी,दिनेश अग्रवाल, मनीष झा, अजय चौहान, निलेश जायसवाल,राजेंद्र नाहर, पूनम कोठारी,नरेंद्र जायसवाल, रूपेश कोठारी, मोनू जायसवाल, रूपेश ढेलडिया, दीपक जायसवाल, कमलेश कोठारी, राहुल सोनी,विनय जायसवाल,मोनू साहू, संजू जायसवाल का सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान सभी दान दाताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अनिला भेड़िया,नगर पंचायत अध्यक्ष सोमेश सोरी,नरेश तन्ना, तेजस जैन,सुनील जायसवाल, लाल चंद जैन,मांगीलाल गुणधर, भावेश बाघमार,गिरीश सोनी, पदुम सोनी, नंद लाल साहू,पियूष सोनी, सुरेश बाघमार, सुनील ढेलडियां, सहित अन्य दानदाताओं का समिति के सदस्यों द्वारा सम्मान किया गया।

## चौरेल में हुआ संगीतमय रामायण



**लाटाबोड़।** 22 जनवरी को अयोध्या में हुए रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर ग्राम चौरेल में पुराना अस्पताल से मंदिर प्रांगण में अक्षत-कलश और राम सीता के रूप में बच्चों की पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर प्रांगण में दो बजे से संगीतमय रामायण का आयोजन किया गया। शाम 5 बजे पं. प्रदीप मिश्रा के शिष्य होलेकसा दिनेश साहू द्वारा 301 दीप जलाए गए। वहीं, बाजे गाजे की धुन पर नाचते हुए पूरे कस्बे में निकाली गई शोभायात्रा का नागरिकों ने जोरदार स्वागत किया। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर घर-घर में दीपोत्सव मनाया गया और भगवा पताका लगाई गई। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष नीतीश मोंटी यादव कोषाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर सचिव चुरामन चंद्राकर सालाहकार श्री राम चंद्राकर सहसचिव राजाराम चंद्राकर सदस्य पुनीत ठाकुर अवध चंद्राकर कृष्णा चंद्राकर चेमन चंद्राकर लवण चंद्राकर मनबोधि ठाकुर यशवंत साहू महराज जीतू शर्मा उपस्थित रहे।

## फागुनदाह में की गई विशेष पूजा



**गुरूर।** ग्राम फागुनदाह में भगवान श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में पूजा की गई। कार्यक्रम में गांव के महिला पुरूष बच्चे सम्मिलित हुए। सुबह से लेकर शाम तक पूजा पाठ के साथ विभिन्न कार्यक्रम हुए, जिसमें हनुमान चालिसा के साथ शाम को भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान रिखी राम साहू, अनिल साहू, प्रकाश सूर्यवंशी, हेमंत साहू, नूतन होमशंकर हिरवानी, पप्पू हिरवानी, अरूण साहू, बंशी साहू, पदुम सिंह मरकाम, प्रहलाद साहू, हरीश साहू, द्वारिका साहू, शैलेन्द्र नेताम, तुलसी नेताम, शिव नेताम, चतुर नेताम के साथ बजरंग अखाड़ा के सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## मोहारा में हुआ मानसगान सम्मेलन



**गुरूर।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर मानस गान सम्मेलन एवं दीप महायज्ञ का आयोजन मंदाकिनी मानस मंडली बाल समाज लीला मंडली एवं समस्त ग्रामवासी मोहारा द्वारा रखा गया है।

शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि सेवा नृत्य प्रधान पाठक अरमरी खुर्द विष्णु राम साहू थे, अध्यक्षता व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अरमरी कला पूरनलाल साहू ने की। विशेष अतिथि अध्यक्ष गौठान समिति मोहारा एसआर नायक, सांसद प्रतिनिधि डॉ हरिकृष्ण गंजीर, दिपधा साहू, राम कुमार राय, ईश्वर नागवंशी, धर्मेंद्र तेलियासी, भगोली राम साहू, चोवाराम धंनकर, पूर्णिमा रायपुरी थे। सांसद प्रतिनिधि डॉ गंजीर ने कहा कि हमें गर्व है कि हम अपने हिंदू रीति रिवाज से काम कर रहे हैं, अपने बच्चों को संस्कारवान बनाएं और उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संतोष साहू, मुकेश सार्वा, गोपी सार्वा, केवल निर्मलकर, आरएस गंजीर एवं ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का मन संचालन भूषण लाल साहू ने किया।







